लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2232
दिनांक 02.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

एन.एच.डी.पी. कार्यक्रम के अन्तर्गत एनआईओएस

2232. श्री जी.एम. सिद्देश्वरः

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हथकरघा बुनकरों को मुक्त विद्यालय के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने और हथकरघा संबंधी विषयों में दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम एनएचडीपी के अंतर्गत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएसएस) की स्थापना की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की तमिलनाडु में ऐसे संस्थान स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत हथकरघा गणना राज्यों द्वारा नहीं बल्कि तीसरे पक्ष द्वारा किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के तहत तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) स्थापित करने का कोई प्रावधान नहीं है। हालाँकि, इन दिशा-निर्देशों में एससी, एसटी, बीपीएल और महिला हथकरघा कामगारों और उनके बच्चों के लिए हथकरघा विषयों अर्थात डिजाइन विकास, हथकरघा बुनाई, रंगाई और छपाई, फाइबर से कपड़ा और उद्यमिता आदि से संबंधित ओपन स्कूलिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुल्क में सब्सिडी प्रदान किए जाने का प्रावधान उपलब्ध है।

(ग): सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए डेटा के सत्यापन और पुष्टि के लिए संबंधित राज्य सरकारों/संघ शासित राज्यों के सहयोग से हाउसहोल्ड्स और गैर- हाउसहोल्ड्स बुनाई इकाइयों के घर-घर जाकर एक समान मापदंडों पर केंद्रीकृत राष्ट्रव्यापी चौथी हथकरघा जनगणना एक तृतीय पक्ष के माध्यम से आयोजित की गई थी।

*****